जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

ہمارا وطن ہفت روزہ

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी


वर्ष- 60 | अंक-47 | जयपुर, सोमवार, 16 दिसम्बर, 2024 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## राज्य सरकार का एक वर्ष: राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन आयोजित

# राज्य सरकार का एक वर्ष महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण को समर्पित-मुख्यमंत्री

**जयपुर (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि नारी की सुदृढ़ एवं सम्मानजनक स्थिति एक उन्नत, समृद्ध और मजबूत समाज व राष्ट्र का प्रतीक है। इसी को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार का एक वर्ष महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण को समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले साल प्रदेश की जनता ने हमें सेवा का जो मौका दिया, उसमें माता-बहनों की आधी आबादी की महत्वपूर्ण भागीदारी रही। हमारे शास्त्रों में कहा भी गया है कि 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता' यानी जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। मुख्यमंत्री राज्य सरकार का एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में शनिवार को उदयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि किसी भी समाज को उन्नत और प्रगतिशील बनाने में पुरुष एवं महिला दोनों की भूमिका होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाएं एक माता के रूप में अपने बच्चे में संस्कृति, सभ्यता और मानवीय गुणों के विकास में प्रारंभ से ही महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। इसी वजह से माता को बच्चे की प्रथम गुरु भी कहा गया है। संकल्प पत्र में प्रदेश की माता-बहनों से वादा किया था कि हम नारियों के खिलाफ अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करेंगे। हमारी सरकार बनने के बाद उस संकल्प को ही अपना ध्येय मानकर हमने नारी सुरक्षा और नारी कल्याण के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़ की घटनाओं की रोकथाम एवं बच्चियों व महिलाओं को भयमुक्त वातावरण प्रदान करने के लिए हमने राज्य में 500 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट के गठन का निर्णय लिया है। प्रथम चरण में 250 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट के संचालन के लिए हमने स्वीकृति जारी कर एक हजार कांस्टेबल के पद स्वीकृत कर दिए हैं। महिलाओं को आपात स्थिति में 24 घंटे पुलिस सहायता प्रदान करने के लिए आज हमने एक ऐप तथा आरएसआरटीसी के सुरक्षा कमांड सेंटर व पैनिक बटन परियोजना का शुभारंभ किया है।





गरीब परिवारों की बालिकाओं के जन्म पर एक लाख रुपये का सेविंग बॉन्ड प्रदान करने के लिए लाडो प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की है। उन्होंने कहा कि आज इस योजना के एक लाख लाभार्थियों को प्रथम किश्त के रूप में 2 हजार 500 रुपये हस्तांतरित किए हैं। शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार बनते ही 1 जनवरी, 2024 से पात्र परिवारों को 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध कराना शुरू कर दिया गया था। आज एनएफएसए लाभार्थी परिवारों को सिलेंडर की सब्सिडी राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मासिक मानदेय 10 प्रतिशत बढ़ाया है। साथ ही, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में राज्य की लगभग 4 लाख 50 हजार महिलाओं को लाभान्वित किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने योजना के तहत दी जाने वाली 5 हजार रुपये की राशि को बढ़ाकर 6 हजार 500 रुपये कर दिया है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 5-5 नए आंगनबाड़ी सहित कुल एक हजार नए आंगनबाड़ी केंद्रों को स्वीकृति प्रदान की है।

प्रत्येक ब्लॉक में एक आदर्श आंगनबाड़ी बनाने की शुरुआत भी कर दी गई है। 1 लाख नई लखपति दीदियों एवं 216 नमो ड्रोन दीदियों का भी सम्मान किया है। आज ही 10 हजार स्वयं सहायता समूहों को प्रति समूह 15 हजार रुपये रिवोल्विंग फण्ड का हस्तांतरण किया गया है। इसके अतिरिक्त महिला निधि बैंक के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों को 100 करोड़ रुपये के ऋण की स्वीकृति प्रदान की है एवं 45 लाख स्वयं सहायता समूहों के लिए राज सखी पोर्टल का शुभारंभ किया है।

## विधायक मनीष यादव ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**शाहपुरा (हमारा वतन)।** विधायक मनीष यादव ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर प्रदेश की विभिन्न समस्याओं के बारे में अवगत करवाया गया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि राज्य सरकार युवा और विद्यार्थियों के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है, लेकिन उन्हें समय पर उनका लाभ नहीं मिलने से विद्यार्थी निराश हो रहे हैं। विधायक मनीष यादव ने अवगत करवाया कि राज्य सरकार की छात्रवृत्ति योजनाएं,स्कूटी वितरण योजना, गार्गी पुरस्कार योजना, साईकिल वितरण योजना, देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण, प्रोत्साहन राशि योजना तथा अन्य वर्ग की छात्राओं हेतु काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना जैसी कई योजनाएं सुचारू है, लेकिन उनका समय पर लाभ नहीं मिलने से विद्यार्थी वंचित हो रहे हैं। विधायक मनीष यादव ने मुख्यमंत्री से कहा है कि इस तकनीकी की जांच करवाकर पात्र छात्राओं को जल्द से जल्द योजनाओं से लाभान्वित कर उन्हें राहत प्रदान किया जाए, जिससे बेटियों का मनोबल बढ़े और वे आगे भी शिक्षा में विशेष रूचि लेते हुए देश और प्रदेश का नाम रोशन करें।







# प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल राष्ट्रीय पुरस्कार से हुए सम्मानित

**जयपुर (हमारा वतन)।** उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो जाए। ये विचार स्वामी विवेकानंद जी के द्वारा कहे गए है और इन्हीं विचारों से प्रभावित हो कर प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल ने वो मुकाम हासिल कर लिया है जो हर किसी के बस में नहीं है।


एजुकेशन एक्सीलेंस कॉन्क्लेव की ओर से होटल क्लार्क आमेर जयपुर में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित एक कार्यक्रम में प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल ओपी पारीक को इस वर्ष के सर्वश्रेष्ठ प्रिंसिपल पद के लिए स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है ।

संपूर्ण प्रिंस एजुकेशन ग्रुप के लिए आज खुशी एवं हर्षोल्लास का दिन है। प्रिंसिपल पद पर रहते हुए ओ पी पारीक अपनी जिम्मेदारीयों के लिए सजग रहे और उन्हीं सजगता का परिणाम आज हमारे समक्ष है।

प्रिंसिपल पद पर बने रहना और मेहनत, ईमानदारी से संस्था के लिए कर्तव्य पारायण रहना ये स्वयं के लिए काबिल ए तारीफ़ है। प्रिंस एजुकेशन ग्रुप के चेयरमेन कैलाश चौधरी ने प्रिंसिपल ओपी पारीक को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ जयपुर

Khadi India



खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2024-25

राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, बजाज नगर, जयपुर

(राजस्थान की प्रमाणित खादी एवं ग्रामोद्योग संस्थाओं का मध्यवर्ती संगठन)

21 नवम्बर 2024 से प्रारम्भ

प्रवेश निःशुल्क

समय दोपहर 12 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक

पार्किंग निःशुल्क

प्रान्तीय उत्पादित खादी वस्त्रों पर 50% की छूट

परप्रान्तीय उत्पादित खादी वस्त्रों पर 25% की छूट

प्रदर्शनी स्थल: राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, बजाज नगर, गांधी नगर रेलवे स्टेशन के सामने, जयपुर

(खादी और ग्रामोद्योग आयोग भारत सरकार, द्वारा प्रसारित)

# इनाया फाउंडेशन ने पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चौमूं में आयोजित किया जागरुकता कार्यक्रम

**जयपुर (हमारा वतन)।** जिला प्रशासन जयपुर कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी (आईएएस) की पहल सक्षम जयपुर अभियान के तहत पीएम श्री विद्यालयों में उप निदेशक महिला अधिकारिता एवं इनाया फाउंडेशन की और से बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

इनाया फाउंडेशन और उप निदेशक महिला अधिकारिता के द्वारा जयपुर शहर एवं जयपुर ग्रामीण के सभी पीएम श्री विद्यालयों के साथ ही गांव-गांव जाकर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का सन्देश दिया जा रहा है। इसी क्रम में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चौमूं में प्राचार्या पंकज मीना की उपस्थिति में 'गुड टच-बेड टच' जागरूकता कार्यक्रम, 'बेटी बचाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक राजेश डोंगीवाल ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श के बीच अंतर समझाना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना था।

कार्यक्रम में पॉक्सो एक्ट 2012 की जानकारी दी गई, जिसमें बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों से निपटने के लिए कानूनों की विस्तृत जानकारी शामिल रही । इसके साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में भी बताया गया और छात्राओं को आत्म रक्षा के गुर सिखाये गए । बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षा के मद्देनज़र पासवर्ड सेट करने के बारे में भी शिक्षित किया गया।



इनाया फाउंडेशन की सचिव नीतिशा शर्मा ने बताया कि इनाया फाउंडेशन के द्वारा अब तक जयपुर जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के छात्र छात्राओं को इस महत्वपूर्ण विषय पर फाउंडेशन की टीम के द्वारा कार्यशालाओ के माध्यम से जागरूक किया जा चुका है और ये काम निरंतर जारी है। अब तक लगभग 25 विद्यालयों के 17000 छात्र-छात्राओं को सन्देश दिया जा चुका है।

इनाया फाउंडेशन की ओर से टीम कोर्डिनेटर रोहित शर्मा, योगेंद्र सैन, अर्पण भट्ट ,दीपक ने इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित किया। कार्यक्रम में करीब 250 बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे गंभीरता से समझा।

# हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स की एक दिवसीय संभाग स्तरीय बैठक हुई संपन्न

**उदयपुर (हमारा वतन)।** हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य संभाग मुख्यालय उदयपुर के तत्वाधान में हिंदुस्तान स्काउट गाइड के पदाधिकारियों की एक दिवसीय संभाग स्तरीय बैठक का आयोजन फतहपुरा स्थित हिंदुस्तान स्काउट के संभाग मुख्यालय में किया गया। संभाग आयुक्त गोपाल मेहता मेनारिया ने बताया कि बैठक में उदयपुर संभाग के समस्त जिला ऑर्गेनाइजर एवं जिला जिला सचिव ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदीप मेघवाल सहायक राज्य संगठन आयुक्त उदयपुर संभाग ने की।बैठक में मुख्य अतिथि हिंदुस्तान स्काउट के जिलाध्यक्ष गिरीश भारती रहे । सहायक राज्य संगठन आयुक्त प्रदीप मेघवाल ने बैठक में आगामी दिनों में स्काउट एंड गाइड द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के राज्य सचिव नरेंद्र ओदिच्य ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक को संबोधित किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित विभिन्न जिला ऑर्गेनाइजर एवं जिला सचिवों द्वारा संगठन की गतिविधियों को बेहतर तरीके से संचालित करने के लिए विभिन्न सुझाव दिए एवं फील्ड में काम के दौरान आ रही विभिन्न समस्याओं के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। बैठक में दिसंबर से मार्च तक किए जाने वाले विभिन्न आयोजन का कैलेंडर जारी करते हुए सभी कार्यक्रमों को विधिवत रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए गए।





# सरपंच मंगल चंद सैनी ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का शुभारंभ

**जयपुर (हमारा वतन)।** राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायत मोरीजा में स्वीकृत तलाई की ढाणी नए आंगनबाड़ी केंद्र का शुभारंभ ग्राम पंचायत मोरीजा सरपंच मंगल चंद सैनी के कर कमलों से किया गया।

इस अवसर पर सरपंच मंगल चंद सैनी ने कहा कि नवीन आंगनबाड़ी केंद्र खुलने से आसपास के बच्चो को अच्छी तरह से सुविधा मिल सकेगी, अधिक दूरी पर नहीं जाना पड़ेगा। इस मौके पर महिला पर्यवेक्षक तारा शर्मा,वार्ड पंच कन्हैया लाल सैनी, पूर्व अध्यक्ष महाराजा संस्कृत महाविद्यालय जयपुर अनुपम आत्रेय, सीताराम पारीक, सीताराम सैनी, बाबूलाल सैनी सहित ग्रामीण महिलाएं भी मौजूद रही ।

# भारतीय भाषा उत्सव राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिझौली में सम्पन्न

**उत्तराखंड (हमारा वतन)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिझौली हरिद्वार में महाकवि सुब्रमण्यम भारती जयन्ती के अवसर पर आयोजित भारतीय भाषा उत्सव सम्पन्न हुआ। संयोजक शिक्षक अशोक पाल सिंह ने बताया कि महाकवि सुब्रमण्यम् भारती की जयन्ती के उपलक्ष्य में स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग शिक्षा मन्त्रालय के आदेशानुसार भारतीय भाषा उत्सव मनाया गया। इस दौरान भाषा संस्कृति, भारतीय भाषाओ की विविधता, सांस्कृतिक समृद्धि और साहित्य विरासत की जानकारी छात्र-छात्राओं को दी गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा क्रियात्मक गतिविधियाँ करायी गई। जिसमें शिक्षक अशोक पाल सिंह, डॉ. कमल कान्त बरूआ, इसराना प्रतिभा, आरती, खुशी, वंश किश, अक्षय, आर्यन, हारिश, बादल, दीपक, आफरीन, सोनम, पायल, कहकशा, शाहिद, अरमान, पिंकी आदि ने प्रतिभाग किया।




## आपसी सुलह (कविता)

भेद मिटा निज अंतःकरण का,
चलो, हम आपसी सुलह कर लेते हैं।
मन मलिनता मिटा चितवन की,
स्नेह-सुधा से सारा संदेह हर लेते हैं।

मन- स्थिति में जो बसा अंधेरा,
उस पर आलोक ज्योत धर लेते हैं।
न मनमुटाव रहे न कलह कोई,
एकता की माला फिर से गूंथ लेते हैं।

नफ़रतों की दीवारें गिराकर,
नेह-निष्ठा की हम नींव बनाते हैं।
राष्ट्रहित में सब हो संगठित,
भारत को फिर से विश्वगुरु बनाते हैं।

चलों एकता का संदेश फैलाएं,
हर हाथ शक्ति हर मन को दिशा दे।
त्याग - समर्पण, साहस - सेवा से,
निज राष्ट समृद्धि को नव बुलंदी दें ।



महेन्द्र सिंह कटारिया
नीमकाथाना, राजस्थान

## (कविता) मुसीबतों का घर जमाई

अपनी हसरतों का कसाई हो गया वह
मुसीबतों का घर जमाई हो गया वह !
दिन की जद्दोजहद की सरहद पार करके
ज़ब भी लौटता है घर
मुसीबतें तरेरतीं है निगाहें भर के बलभर
भला हो भी क्यों न......
भई इश्क जो कर लिया था जिम्मेदारी से,
उम्र कम थी, हौसला बड़ा था और तन के खड़ा था
अभी इश्क के रिश्क को समझ ही रहा था...
के गलतफहमी और अति उत्साह ने जबरन रिश्ता करा दिया जिम्मेदारी से
और फिर क्या.....
ले लिए सात फेरे उम्मीद के सापेक्ष
इस वाकए का साक्षी मन था जो मुकर जा रहा है रह-रह कर
उसे आना पड़ता है हर हाल में लौट के उसी घर
अपने ठिकाने से उड़ जो गया था...
जहाँ होता था अच्छे से गुजर -बसर
जिम्मेदारी को अगर वक्त से पहले न ब्याहता,
तो यह दशा न होती.. और न यह दिशा होती उसकी
खैर वक्त के हवाले से खबर है के बदलूँगा मैं इक दिन
जमाई बाबू की जिंदगी कट रही है दिन गिन -गिन



सिद्धार्थ गोरखपुरी

# रोम रोम में राम

## (इकराम सतसई)

कड़ी 13



भगवान राम, हमारी आस्था के विश्वास हैं, इस
समस्त सृष्टि की श्वांस हैं !
सारे जगत के हैं!
जिन मुस्लिम कवियों और शायरों ने राम
और कृष्ण पर लेखनी चलाई है।
उन राष्ट्र भक्त महान व्यक्तियों की परंपरा में ,
आज के युग में इकराम राजस्थानी
राष्ट्र रत्न का नाम अग्रणी है !

**प्रस्तुत है उनकी लेखनी का ये साप्ताहिक धारावाहिक**

61. हम गद्दी के वास्ते,झगड़ रहे,दिन रात!
    और भरत ने मार दी, सिंहासन को लात!!
62. मन से करके देखिए, राम नाम का जाप!
    स्वतः दूर हो जाएंगे, जन्म जन्म के पाप!!
63. वो ही बनाए रात दिन, वही सुबह और शाम!
    दिए जलाते हम मगर,करे उजाला राम !!
64. ये सत्ता की सीढ़ियां,कुर्सी की है पीठ !
    राजनीति में राम को,नेता रहे घसीट!!
65. जनता को लडवा रहे,कर आपस में फूट !
    राम तुम्हारे नाम को,भक्त रहे हैं लूट!!



इकराम राजस्थानी

Khadi For Nation
खादी भारत
Khadi India
Khadi For Fashion

## जॉब्स

1. यूपीएससी, पद सीडीएस, पद संख्या 457, अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2024
2. आरपीएससी, पद सब इंस्पेक्टर टेलीकॉम, पद संख्या 98, अंतिम तिथि 27 दिसंबर 2024
3. यूपीएससी, पद एनडीए, पद संख्या 406, अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2024
4. इंडियन एयर फोर्स, पद एएफसीएटी, पद संख्या 336, अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2024
5. बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स, पद कांस्टेबल जीडी, पद संख्या 275, अंतिम तिथि 30 दिसंबर 2024
6. आरएसएमएसएसबी, पद सर्वेयर एवं माइंस फोरमैन, पद संख्या 72, अंतिम तिथि 16 जनवरी 2025
7. सुप्रीम कोर्ट ऑफ़ इंडिया, पद कोर्ट मास्टर शॉर्ट हैंड/एसपीए/पीए, पद संख्या 107, अंतिम तिथि 25 दिसंबर 2024
8. आरएसएमएसएसबी, पद जूनियर इंजीनियर, पद संख्या 1226, अंतिम तिथि 27 दिसंबर 2024



# अटल पथ स्वीकृति पर ग्रामवासियों ने पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का किया अभिनंदन

**चौमूं (हमारा वतन)।** ग्राम पंचायत इटावा भोपजी में बनने वाले अटल पथ ढहर दुग्ध डेयरी से दौलत सिंह का बास होते हुए भोमिया जी की जोड़ी चिमनपुरा की ओर के निर्माण कार्य का पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने शुभारंभ किया। इस मौके पर ग्रामवासियों द्वारा अटल पथ की स्वीकृति और कार्य शुभारंभ पर ग्रामवासियों द्वारा पूर्व विधायक शर्मा का अभिनंदन किया गया।

अटल पथ योजनांतर्गत ग्राम ईटावा भोपजी में स्वीकृत ढहर दुग्ध डेयरी से दौलत सिंह का बास होते हुए भोमिया जी की जोड़ी चिमनपुरा की ओर 2.7 किलोमीटर लंबाई के निर्माण में 4.5 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

पूर्व विधायक शर्मा ने सड़क स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में गांवों को शहरों, बड़े कस्बों या जिले की मेजर सड़कों से बेहतर कनेक्टिविटी देने के लिए अटल पथ बनाने की योजना शुरू की है, जिसमे विधानसभा क्षेत्र चौमूँ में तीन अटल पथ ग्राम इटावा भोपजी, मोरीजा और कालाडेरा में स्वीकृत किए गए। अटल पथ के निर्माण बारिश के पानी की निकासी की माकूल व्यवस्था होगी तथा ग्राम वासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। ग्रामवासियों द्वारा पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का माला एवं साफ़ा पहनाकर अभिनंदन कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस मौके पर पंचायत समिति प्रधान रामस्वरूप यादव, सरपंच सुनीता राजकुमार सैनी, धोबलाई सरपंच रमेश शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार सैनी, उपसरपंच प्रतिनिधि चंद्रवीर सिंह सहित कई ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# जाग्रति हॉस्पिटल का 18 वां स्वेच्छिक रक्तदान शिविर 2 जनवरी को

**चौमूं (हमारा वतन)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नव वर्ष के पावन अवसर पर जाग्रति हॉस्पिटल द्वारा 18वां स्वेच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। हॉस्पिटल निदेशक डॉक्टर हरिबल्लभ सैनी और ग्राम सेवा संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र बाबूलाल पुजारी ने बताया कि 2 जनवरी को प्रातः 9:15 बजे से दोपहर 3 बजे तक मोरीजा रोड, चार दुकान स्थित जाग्रति हॉस्पिटल में स्वेच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। हमें जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए क्योंकि हमारे रक्त की एक बूंद किसी का जीवन बचा सकती है। इस दौरान आयोजकों ने सभी युवाओं से रक्तदान करने की अपील की।




# कब्ज से परेशान रहती हैं तो डाइट में शामिल करें ये फल



पाचन क्रिया को बनाए रखने के लिए सबसे जरूरी है, अपने नियमित खान-पान और जीवन शैली में सुधार करना। इसके अलावा ऐसे कुछ खास फल हैं, जो आपके डाइजेशन को स्टिम्युलेट करते हैं और एक बेहतर पाचन में मदद करते हैं।


**जानें पाचन स्वास्थ्य के लिए कुछ खास फलों के नाम**

1. **केला**-यदि आप अपने पाचन स्वास्थ्य से परेशान हैं, और उसके लिए सुपरफूड की तलाश में हैं, तो इसके लिए केला एक बेहद प्रभावी फल साबित हो सकता है। केले में भरपूर मात्रा में प्रीबायोटिक्स होते हैं, जो आंतों की सेहत को बढ़ावा देते हैं। इसके साथ ही केला फाइबर से भरपूर होता है, जो पाचन स्वास्थ्य के लिए एक अन्य महत्वपूर्ण न्यूट्रीशन हैइन्हें अपने आहार में शामिल करना आसान है, क्योंकि ये बहुत पोर्टेबल होते हैं और इन्हें ऐसे ही खाया जा सकता है। अगर आपके पास पके केले हैं, तो आप उन्हें सीधा खाने के साथ केले के पैनकेक और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर हेल्दी व्यंजनों को बनाने में इस्तेमाल कर सकती हैं।

2. **अनानास** -अनानास भरपूर मात्रा में ब्रोमेलैन होता है, जो एक एंजाइम है। यह अपने एंटी इन्फ्लेमेटरी गुणों और प्रोटीन को तोड़ने की क्षमता के लिए जाना जाता है। अनानास का सेवन पाचन प्रक्रिया को आसान बना देता है, और अपच के लक्षणों से राहत देता है। विशेष रूप से यदि आप अक्सर ब्लोटिंग, गैस, अपच जैसी समस्याओं से परेशान रहती हैं, या आपका पेट अक्सर भरा हुआ महसूस होता है, तो ऐसे में अनानास का सेवन आपकी पाचन क्रिया के लिए भिन्न रूपों में फायदेमंद साबित हो सकता है।

3. **अनार** -अनार पॉलीफेनोल से भरपूर होते हैं, जो एक प्रीबायोटिक है।ये लहसुन और प्याज जैसी कुछ सब्जियों से बनने वाले प्रीबायोटिक्स की तरह गैस को ट्रिगर नहीं करते हैं, जबकि आंत की परत की रक्षा करने वाली बलगम परत को बढ़ावा देने और ठीक करने में मदद करते हैं। अनार में फाइबर की मात्रा पाई जाती है, जो खाद्य पदार्थों को धीमे-धीमे पचने में मदद करते हैं।

# बॉलीवुड चटकारा






# एंजेलिना जोली

## फिर विवादों में घिरी लॉस एंजिल्स की एक महिला ने लगाए जादू-टोना करने जैसे गंभीर आरोप

जोली के खिलाफ दायर किए गए मुकदमे में महिला ने आरोप लगाया है कि अभिनेत्री कई लोगों के माध्यम से उन्हें परेशान कर रही हैं। इतना ही नहीं महिला ने यह भी कहा है कि अभिनेत्री ने उसकी हत्या करने की कल्पना भी की है। महिला ने कहा है कि जोली 2010 से उसके घरों का पीछा कर रही है।अभिनेत्री एंजेलिना जोली के निजी जीवन के कलेश कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। एक तरफ जहां अभिनेत्री पूर्व पति ब्रैड पिट के साथ एक वाइनरी एस्टेट को लेकर कानूनी लड़ाई में उलझी हुई थी। वहीं, अब एक नया कलेश उनके सामने खड़ा है। दरअसल, एक महिला ने एंजेलिना पर जादू-टोना करने का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं लॉस एंजिल्स की इस महिला ने अभिनेत्री पर सम्मोहन संबंधी धमकियां देने का आरोप भी लगाया है।जोली के खिलाफ दायर किए गए मुकदमे में महिला ने आरोप लगाया है कि अभिनेत्री कई लोगों के माध्यम से उन्हें परेशान कर रही हैं। इतना ही नहीं महिला ने यह भी कहा है कि अभिनेत्री ने उसकी हत्या करने की कल्पना भी की है। महिला ने कहा है कि जोली 2010 से उसके घरों का पीछा कर रही है।द मिरर द्वारा प्राप्त अदालती दस्तावेजों में, अज्ञात महिला का दावा है कि जोली मानसिक रूप से पागल है और मेरे साथ संबंध होने का विरोध करती है। जब वह स्पष्ट रूप से विक्षिप्त नहीं है, तो उसे मानसिक-दोषपूर्ण विकार हैं।



# कैंसर से पीड़ित हिना खान गूगल में सबसे ज्यादा सर्च किए जाने से नहीं खुश, कहा- दुआ करूंगी किसी को...



हिना खान टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं, लेकिन यह साल एक्ट्रेस के लिए काफी चैलेंजिंग रहा है। हिना को इसी साल कैंसर हुआ है और फिलहाल उनका ट्रीटमेंट ही चल रहा है। हिना अपने हेल्थ को लेकर फैंस को अपडेट देती रहती हैं। इसी बीच हाल ही में गूगल ने साल 2024 की लिस्ट निकाली जिसमें मोस्ट सर्च एक्टर्स शामिल हैं। इस लिस्ट में हिना टॉप 10 में शामिल हैं, लेकिन इससे वह खुश नहीं हैं। उन्होंने इस बारे में सोशल मीडिया पर अपने दिल की बात लिखी है। **क्यों हैं हिना दुखी**-हिना ने लिखा, मैंने कई लोगों को ये स्टोरी लगाते देखा और मुझे बधाइयां मिल रही हैं इस नए डेवलेपमेंट के लिए, लेकिन सच में ये मेरे लिए कोई अचीवमेंट नहीं है या ऐसा कुछ जिस पर मुझे गर्व हो। मैं दुआ करूंगी कि किसी को भी उसकी बीमारी या हेल्थ से जुड़ी चीज के लिए गूगल किया जाए। मैं हमेशा लोगों के प्यार की रिस्पेक्ट करती हूं।

**मेरे काम को पहचानें**-हिना ने आगे लिखा, मैं चाहती हूं कि लोग मेरे काम, मेरे अचीवमेंट्स को लेकर मुझे गूगल करें जैसा कि पहले होता था मेरी बीमारी से पहले। बता दें कि जून 2024 में हिना को ब्रेस्ट कैंसर हुआ।

# डिज्नी की फिल्म में विलेन बनीं गैल गैडोट, दर्शकों को नहीं कोई खुशी



स्नो व्हाइट के ट्रेलर को देखकर लोग खुश भी हैं और दुखी भी नजर आ रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि वह राजकुमारियों की कहानी देखकर थक गए हैं। कुछ लोगों को डिज्नी का क्लासिक कहानी में बदलाव करना पसंद नहीं आ रहा है। कुछ लोगों को लग रहा है कि गैल नकारात्मक भूमिका को नहीं निभा पाएंगी। हॉलीवुड स्टार गैल गैडोट बड़ी स्क्रीन पर विलेन की भूमिका निभाने वाली हैं। उनकी आगामी फिल्म स्नो व्हाइट का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डिज्नी की क्लासिक राजकुमारी की इस फिल्म में अभिनेत्री विलेन की भूमिका निभाएंगी। फिल्म अगले साल 21 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर की शुरुआत, स्नो व्हाइट (राहेल ज़ेग्लर द्वारा अभिनीत) के किरदार से होती है, जो याद करती है कि यह उसके पिता का राज्य था। लेकिन उनकी मृत्यु के बाद, उसकी सौतेली मां, दुष्ट रानी (गैल गैडोट द्वारा अभिनीत) ने राज्य की बागडोर संभाली और सब पर कहर बरसाना शुरू कर दिया।

टिकिट

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## सम्पादकीय.....

# महिलाओं के साथ हो रहा है बड़ा धोखा

दिल्ली में कुछ ही महीनों बाद विधानसभा चुनाव होने है। यह माना जा रहा है कि फरवरी 2025 में दिल्ली में विधानसभा चुनाव करवाए जा सकते हैं। इससे पहले ही आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच वोटर लिस्ट से नाम कटवाने और वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का खेल शुरू हो चुका है। विधानसभा चुनाव के नजदीक आने के साथ ही आम आदमी पार्टी की सरकार ने श्रेय लेने और दिल्ली के अलग-अलग मतदाता वर्ग को लुभाने का काम भी जोर-शोर से शुरू कर दिया है। बुधवार, 11 दिसंबर को दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने डीटीसी कर्मचारियों से मुलाकात करने के बाद उनकी मांगे मानने की घोषणा कर दी। आतिशी ने डीटीसी कर्मचारियों से मुलाकात करने की तस्वीरों को बुधवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए दावा किया, आज डीटीसी कर्मचारियों के चेहरों पर मुस्कान देखकर सुकून मिला। अपनी मांगें पूरी होने के बाद आज वे सचिवालय आए थे, हमने साथ बैठकर चाय पी। ये सिर्फ़ कर्मचारी ही नहीं, हमारे अपने परिवार के लोग हैं। यही लोग सड़कों पर हमारी दिल्ली को चलाते हैं, दिल्ली की लाइफ़लाइन हैं। हमें गर्व है कि हमारे नेता अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में हमारी सरकार ने उनकी समस्याओं को सिर्फ़ 3 हफ्तों में हल कर दिया। विडंबना देखिए कि, दिल्ली की जो आप सरकार डीटीसी कर्मचारियों की समस्याओं को सिर्फ 3 सप्ताह में हल करने का दावा कर रही है, वह वर्ष 2015 से लगातार सत्ता में है। यानी चुनाव का समय आ गया तो समस्याओं की भी याद आ गई। हालांकि एक बात सही है कि डीटीसी, दिल्ली की लाइफ़लाइन हैं। दिल्ली मेट्रो के महंगे किराए को नहीं झेल पाने वाले मिडिल क्लास और लोअर मिडिल क्लास के लिए डीटीसी आज भी परिवहन का एकमात्र साधन बना हुआ है। लेकिन दिल्ली की लाइफलाइन डीटीसी आज स्वयं अपने जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन ढूंढ रही है। डीटीसी की ज्यादातर बसों की वैलिडिटी एक्सपायर हो चुकी है और विशेष अनुमति लेकर इन्हें मजबूरी में चलाया जा रहा है। डीटीसी की हालत इतनी खराब हो गई है कि बीच सड़क पर बसों के खराब होने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। छोटी-छोटी खराबियों के कारण भी बसें डिपो में पड़ी रहती है। दिल्ली सरकार के इस रवैये को दिल्लीवासियों और खासकर महिलाओं के साथ एक बड़ा धोखा माना जा सकता है। क्योंकि आप सरकार ने फ्री बस यात्रा के नाम पर दिल्ली की महिलाओं को ऐसा झुनझुना थमाया हुआ है, जिसकी सच्चाई अब सामने आती जा रही है। दिल्ली की सड़कों से बसें गायब है। दिल्ली में जरूरत की तुलना में इतनी कम बसें सड़कों पर दौड़ रही है कि महिलाओं और लोगों को घंटों तक बस स्टॉप पर इंतजार करना पड़ता है। मजबूरी में महिलाओं और अन्य यात्रियों को अनाप-शनाप भाड़ा देकर बैटरी वाले रिक्शा या ग्रामीण सेवा में सफर करना पड़ता है। बाहरी दिल्ली और यमुना पार के इलाकों की हालत तो और भी बुरी है। अति व्यस्तम और ज्यादा सवारियों वाले बस रूटों पर भी बस की संख्या इतनी कम कर दी गई है कि हालत लगातार भयावह होते जा रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने एक जमाने में जिस सुंदर नगरी में अनशन किया था, अगर वह बिना किसी ताम-झाम के उसी बस स्टॉप पर चले जाएं या उससे महज कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर सीमा पुरी डिपो या नंद नगरी डिपो पर चले जाएं तो सारी सच्चाई उन्हें पता लग जाएगी।


राम गोपाल सैनी

# खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2024-25: युवाओं को लुभा रहे खादी उत्पाद



**जयपुर (हमारा वतन)।** गुलाबी नगर जयपुर के बजाज नगर में राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ की ओर से खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2024-25 का आयोजन किया जा रहा है । सर्दी बढ़ते ही खादी के उत्पादों को खरीदने के लिए ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। वहीं आजकल के युवाओं की भी खासी पसंद बनती जा रही है खादी ! खादी प्रदर्शनी में कई युवा उत्पाद खरीदने नजर आए। युवाओं ने बताया कि खादी संस्थाओं द्वारा अब युवाओं को देखते हुए उत्पाद बनाने शुरू कर दिए हैं, जो एक अच्छा संकेत है।

संस्था संघ के मंत्री एवं खादी प्रदर्शनी के संयोजक अनिल शर्मा ने बताया कि 21 नवम्बर से प्रारंभ हुई यह प्रदर्शनी 13 जनवरी 2025 तक चलेगी। प्रदर्शनी में कुल 200 स्टाल लगाई गई हैं, जिनमें से 120 स्टॉल खादी व 80 स्टॉल ग्रामोद्योग उत्पाद की हैं। प्रांतीय उत्पादित खादी वस्त्रों पर ग्राहकों को 50 प्रतिशत की छूट और पर प्रांतीय उत्पादित खादी वस्त्रों पर 25 प्रतिशत की छूट मिल रही है। प्रदर्शनी दोपहर 12 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक खुली रहती है।

खादी स्टाल पर खादी वस्त्र, ऊनी वस्त्र, पॉलिस्टर वस्त्र,रजाई ,गद्दे ,साड़ी,शर्ट, कुर्ते, पजामे, लेडीज सूट, जेकेट, शाल, कम्बल, टॉवल,दरी, फर्श आदि मौजूद हैं।

खादी ग्रामोद्योग स्टाल पर तिलकुटा, नारियल तेल, तिल्ली तेल, मूंगफली तेल, सरसों तेल, देशी गुड़, हींग, शैम्पू, चमड़े के उत्पाद, सजावटी सामान, ऑर्गेनिक उत्पाद, नमकीन, सूखे मेवे, चूर्ण, आयुर्वेदिक दवाईयां आदि मौजूद हैं।



# तुलसी नगर भ्रमण व गौरक्षा शोभायात्रा के पोस्टर का हुआ विमोचन

**जयपुर (हमारा वतन)।** सर्व समाज जागृति संघ के तत्वावधान में 25 दिसंबर 2024 को चौमूं गढ़ गणेश मंदिर से आयोजित होने वाली तुलसी नगर भ्रमण व गौरक्षा शोभायात्रा के पोस्टर का विमोचन व्यापार मंडल के पदा धिकारियों और राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने किया।

इस दौरान कार्यक्रम संयोजक विराज फाउंडेशन प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी ने बताया कि व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने शोभायात्रा में जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं जलपान की व्यवस्था करने का निर्णय लिया।

इस अवसर पर बनवारी लाल शर्मा, सत्य प्रकाश पारीक, व्यापार मंडल पदाधिकारीयों में महेंद्र विजयवर्गीय, राजकुमार कुमावत, नारायण लाल शर्मा, करुणा निधि गौड, मनीष अग्रवाल, अशोक रेवड़का, कैलाश बजाज, मनीष गोयल आदि लोग उपस्थित रहे।

# पेड़ लगाओ मिशन की जिलाध्यक्ष अजय चौहान ने की सराहना

**जालोर (हमारा वतन)।** राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ जलदाय विभाग के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र शर्मा की ओर से प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाए जाने का मिशन चलाया जा रहा है। मिशन के तहत प्रत्येक व्यक्ति को अपनी आयु की संख्या के बराबर पेड़ लगाए जाने के लिए प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ जिला जालोर के जिलाध्यक्ष अजय चौहान ने राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ जलदाय विभाग के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र शर्मा की भूरी- भूरी प्रशंसा की है। साथ ही जिला जालोर के समस्त कर्मचारियों ने बहुत-बहुत बधाईयां दी है।








# रिटायर्ड रेलवे अधिकारी ने दिया समाज को सन्देश: दहेज़ मुक्त शादी कर पुत्रवधू को आशीर्वाद स्वरूप दी क्रेटा गाड़ी

**जयपुर (हमारा वतन)।** रिटायर रेलवे अधिकारी सीएम मीणा ने अपनी पुत्रवधू को आशीर्वाद स्वरूप दी गाड़ी क्रेटा गिफ्ट की है। उन्होंने अपने पुत्र विवेक उर्फ मोंटी के लग्न टीके में सिर्फ 1 रुपया लेकर रस्म निभाई थी। विवाह के दिन भी सिर्फ 1 रुपया लेकर शादी की थी। पुत्र विवेक की शादी चतरपुरा, बानसूर, अलवर निवासी सावित्री उर्फ सविता पुत्री इंद्र राम के साथ बिना दहेज के सपन्न हुई। सीएम मीणा ने वधू पक्ष से एक चम्मच भी दहेज के रूप में नहीं ली। अपनी पुत्रवधू को एक जोड़ी कपड़ों के साथ विदाई की रस्म निभाई। आशीर्वाद की रस्म के दौरान सीएम मीणा ने अपनी पुत्रवधू को क्रेटा गाड़ी की चाबी देकर आशीर्वाद दिया। समाज को एक नया संदेश दिया की बेटी और पुत्र वधू में कोई अंतर नहीं होता, इनको समाज में समान रूप से दर्जा दिया जाना चाहिए। समाज में व्याप्त दहेज रूपी कुरीति को मिटाना जरूरी है।

दहेज मुक्त शादी के साक्षी पूर्व सरपंच बाबूलाल मीणा, नंदलाल मीणा, शैतान मल मीणा, हरिनारायण यादव, राम किशोर मेला,रामस्वरूप यादव, श्रीनारायण मीणा, बजरंग लाल मीणा, श्रवण कुमार मीणा, रामलाल मीणा, राजेंद्र गोस्वामी, प्रेम प्रकाश पटवारी, राजेंद्र पटवारी बने।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।